संख्या—505 / 78—आई.टी—2001

प्रेषक,

ओ. एन. वैद,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

आई.टी. एवं इलैक्ट्रानिक्स अनुभाग लखनऊः दिनाँक— 30 अप्रैल, 2001

विषयः विभागीय एप्लीकेशन साफ्टवेयर का विकास किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बहुत से विभाग अपने विभागीय एप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित करने का कार्य विभिन्न कम्पनियों को दे देते हैं तथा कई बार ऐसे विभागीय एप्लीकेशन साफ्टवेयर होते हैं, जो अन्य राज्यों में या प्रदेश के अन्य विभागों में उपलब्ध है जो कि रेप्लीकेट किए जा सकते हैं। नेशनल इन्फारमेटिक सेन्टर (एन.आई.सी.), द्वारा राज्य सरकारों के लिए विभिन्न सेक्टर्स हेतु एप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित किए गए हैं। यूपीडेस्को ने भी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के लिए साफ्टवेयर विकसित किए हैं।

2. भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ई—गवर्नेन्स डिवीजन द्वारा राज्यों / भारत सरकार के विभिन्न विभागों में उपलब्ध एप्लीकेशन साफ्टवेयर्स की एक विवरणी तैयारी की गई है जो कि वेबसाइट उपजण्हवअण्पद पर उपलब्ध है।

3. उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार के लिए सुनियोजित नीति की आवश्यकता तथा राज्य के व्यय की बचत के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा एप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित करने से पूर्व वर्तमान में उपलब्ध रेप्लीकेबिल साफ्टवेयर का अध्ययन किया जाये तथा विभागीय एप्लीकेशन साफ्टवेयर का विकास किये जाने के संबंध में निम्नलिखित समिति द्वारा इस संबंध में निर्णय लिया जायेगा :—

(1) प्रमुख सचिव / सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, उ0प्र0 शासन

(2) संयुक्त सचिव (ई—गवर्नेन्स), सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि

(3) स्टेट इन्फारमेटिक आफीसर, यू.पी., लखनऊ

(4) प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को

(5) प्रबन्ध निदेशक, यू.पी.एल.सी. / अपट्रान

(6) संबंधित विभाग के सचिव या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि।

4. इस पत्र के साथ एन.आई.सी. यूपीडेस्को द्वारा बनाये गये एप्लीकेशन साफ्टवेयर की विवरणी संलग्न है।

5. वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा भी विकसित किये जा रहे / विभागों में उपलब्ध एप्लीकेशन साफ्टवेयर की अपने विभाग से संबंधित सूचना कृपया संलग्न प्रारूप पर प्रदेश के

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग एवं प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को को यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें जिसे कि यूपीडेस्को द्वारा संकलित करके सभी विभागों पर उपलब्ध कराया जा सके।

6. भविष्य में प्रस्तावित विभागीय एप्लीकेशन साफ्टवेयर के प्रस्ताव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को भेजे जायें जिसपर उपरोक्त बैठक में उनके विकास हेतु निर्णय लिया जा सके।

भवदीय,
ओ .एन. वैद
प्रमुख सचिव

संलग्नक :

(1) एन.आई.सी. द्वारा बनाये गये एप्लीकेशन साफ्टवेयर की सूची।
(2) यूपीडेस्को द्वारा बनाये गये एप्लीकेशन साफ्टवेयर की सूची।
(3) विभागों द्वारा यूपीडेस्को को भेजी जाने वाली सूचना का प्रारूप।

संख्या – 505(1)/78–आई.टी – 2001 तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0।
2. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
4. प्रदेश के समस्त सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक।
5. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव।
6. स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त।
7. डा0 काशी नाथ, स्टेट इन्फार्मेटिक आफिसर एन0आई0सी0 लखनऊ।
8. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई टी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग।

आज्ञा से,

अनुराग श्रीवास्तव
विशेष सचिव